HGH INDIA 2017 SM
HOME DECOR ■■■ GIFTS ■■■ HOUSEWARE
JULY 4-6, 2017 MUMBAI, INDIA

NEWS 3

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

## एचजीएच इंडिया २०१७


# चार प्रमुख गृह उत्पाद समूह

एचजीएच इंडिया २०१७ को ४-६ जुलाई २०१७ के बीच में बॉम्बे एक्जिबिशन सेन्टर, गोरेगांव (पश्चिम), मुंबई में शेड्यूल किया गया है, यह अब तक के सबसे अधिक संख्या में ट्रेड आगन्तुकों तथा प्रदर्शकों का स्वागत करने के लिए तैयार है, तथा उन्हें भारतीय बाजार के लिए आगामी २०१७ त्यौहारों एवं रिटेल सीजन के लिए व्यवसाय करने में सक्षम बनाएगा।


यह ट्रेड शो अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शकों के लिए एक सम्भावनापूर्ण प्लेटफॉर्म है, जहां वे भारत में उच्च क्षमता एवं अनुभव वाले मार्केटिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर ढूंढ सकते हैं। यह प्रदर्शकों को उचित, दीर्घकालिक आयातकों तथा क्रेताओं से भी कनेक्ट करता है, जो कि भारत जैसे एक विशाल एवं विविध देश में प्राय: एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। शो को विशेष तौर पर इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि यहां पर प्रदर्शकों को होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, हाउसवेयर एवं उपहारों के भारतीय बाजार से कनेक्ट किया जा सके।

एचजीएच इंडिया एक बार पुन: आगन्तुकों को अपनी प्रोफशेनल सेवाओं तथा सुविधाजनक हॉल ले-आउट द्वारा प्रसन्न करेगा, जो कि ना केवल खुशनुमा एवं स्पेसियस हैं, बल्कि यह उत्पादों एवं मूल्यों की आसानी से तुलना किए जाने को सरल बनाते हैं, जिससे आगन्तुकों के लिए सोर्सिंग बहुत ही सुविधाजनक हो जाती है। उत्पादों को अच्छे से वर्गीकृत किए गए, पूर्व-निर्धारित क्षेत्रों में, प्रदर्शित किया गया है, जैसे कि होम डेकॉर, होम टेक्सटाइल्स के लिए हॉल नम्बर १, तथा हाउस एवं किचेन वेयर एवं उपहार के लिए हॉल नम्बर ५ निर्धारित किया गया है।

आगन्तुकगण नवप्रवर्तनों तथा नए स्रोतों की एक व्यापक श्रृंखला निम्नानुसार प्राप्त कर सकते हैं:



**होम टेक्सटाइल (हॉल १):** बेड एवं बाथ लिनेन, सजावटी बिस्तर, बाथ एसेसरीज, गद्दा, अपहोलस्टरी एवं कर्टेन फैब्रिक, सजावटी फैब्रिक, कुशन कवर, दरी एवं फ्लोर कवरिंग, टेबल एवं किचेन लिनेन, तथा इन्टीरियर होम डेकोरेशन में उपयोग के लिए अन्य टेक्सटाइल्स।



**होम डेकॉर (हॉल १):** वॉलपेपर, ब्लाइन्ड्स, कालीन एवं कारपेट, वुडेन एवं सिन्थेटिक फ्लोरिंग्स, फ्रैगरेन्स, मिरर, फ्रेम, ग्लासवेयर, कृत्रिम पुष्प, मोमबत्तियां, घड़ियां, सजावटी लाइटें एवं पंखे, टेबल टॉप एवं सजावटी एक्सेसरीज़ तथा छोटे फर्नीचर।






**हाउसवेयर (हॉल ५):** टेबलवेयर, किचेनवेयर, कुकवेयर, किचेन यूटिलिटीज, होम एवं किचेन एप्लायंसेज, बाथरूम यूटिलिटीज, स्टोरेज आइटम, क्लीनिंग एवं मेन्टीनेन्स आइटम, आउटडोर लिविंग।



**उपहार (हॉल ५):** व्यावसायिक उपहार, कम्प्यूटर एवं फैशन एक्सेसरीज़, कस्टमाइज्ड एवं व्यक्तिगत उपहार आर्टिकल, लेदर आइटम, हैंडबैग, फोटो आर्टिकल, खिलौने तथा निश्चित रूप से पैकेजिंग एवं उपहार दी जाने वाली वस्तुएं, ज्वेलरी बॉक्सेज।

एचजीएच इंडिया एक के बाद एक प्रत्येक वर्ष अपने प्रदर्शकों, आगन्तुकों तथा उत्पाद प्रोफाइल की संख्या के मामले में लगातार वृद्धि कर रहा है। अब यह अपने छठे वार्षिक एडिशन में है, इस ट्रेड शो की बढ़ती हुई प्रसिद्धि का श्रेय इसके अत्यधिक फोकस्ड बिजनेस-ओरिएन्टेड कार्यपद्धति, इसके आगन्तुकों द्वारा उत्पादों एवं डिजाइन के मामले में लगातार नवप्रवर्तन, आगन्तुकों की गुणवत्ता पर सख्त नियंत्रण तथा प्रोफेशनल, व्यवसाय-सदृश परिवेश को दिया जा सकता है।

एचजीएच इंडिया ट्रेड सूचना तथा बाजार शोध के ऊपर बहुत अधिक जोर देती है, जिससे इसके प्रदर्शकों तथा आगन्तुकों को महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होती है, जिससे उनके व्यवसायिक प्रयासों को समर्थन मिलता है।



HGH INDIA 2017
HOME DECOR ■■■ GIFTS ■■■ HOUSEWARE

HGH India 2017
Timings (July 4-6, 2017)

For Exhibitors
08:00 am to 07:30 pm(All days)
(During the trade show days)

For Visitors
4th July: 9:00 am - 06:30 pm
5th July: 9:00 am - 06:30 pm
6th July: 9:00 am - 05:00 pm

# अधिक सुविधा, कुशलता के लिए किचनवेयर








विकसित देशों में उनके अंतरराष्ट्रीय समकक्षों की तरह भारतीय उपभोक्ता भी अब स्वास्थ्यवर्द्धक तरीके से, तेजी से, तथा सुरक्षित तरीके से भोजन बनाने के प्रति और भी अधिक जागरुक बनते जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय किचन भी ट्रेन्डी और उच्च प्रौद्योगिकी वाले बनते जा रहे हैं। इसलिए, कुकवेयर एवं किचेन टूल्स की पारम्परिक श्रृंखला के बजाय उपभोक्ता अब अधिक एडवान्स्ड किचेनवेयर एवं एप्लायंसेज खरीदने को वरीयता देते हैं, जिससे कुकिंग सुविधाजनक और कुशल बन सके। इन कारणों से, इन श्रेणियों में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की मांग में २० प्रतिशत प्रति वर्ष से भी अधिक दर से वृद्धि हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप यह देश आज अन्तरराष्ट्रीय ब्रान्ड्स एवं उत्पाद नवप्रवर्तकों के लिए सबसे अधिक आकर्षक एवं लाभदायक बाजारों में से एक बन गया है। एचजीएच इंडिया २०१७ में प्रख्यात अन्तरराष्ट्रीय ब्रान्ड्स जैसे कि जोसेफ जोसेफ, किलनर, टाइफून(यूके), पेड्रिनि (इटली), ट्रुडियू (कनाडा), मैसन कैश, पॉली टाइम, अवसार, रेन्गा, टिटिज(तुर्की), हाइक (चीन), टीवीएस (इटली), क्लाइनर, टाइफून एंड अवसर (तुर्की) अपनी उत्पाद रेन्ज प्रदर्शित करेंगे।

इन बातों से सबक लेते हुए भारतीय बाजार नेतृत्वकर्ताओं ने भी किचेनवेयर, कुकवेयर, किचेन एप्लायंसेज, तथा होम एप्लायंसेज, की एक अधिक व्यापक रेन्ज प्रदान करना आरम्भ किया है, जिसमें ऐसे ग्राहकों को लक्ष्य किया जाता है जो अधिक आधुनिक, शहरी जीवनशैली को वरीयता देते हैं। प्रख्यात ब्रान्ड जैसे कि टीटीके प्रेस्टीज, बोरोसिल, बाल्ट्रा तथा रॉक्स अपनी नवीनतम रेन्ज को खुदरा ग्राहकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

इसके अतिरिक्त, बोरोसिल, एलिया ग्लास, ग्लासलॉक, पाइरेक्स, क्रॉसनो जैसे कि ब्रान्ड्स द्वारा बेकवेयर, किचन स्टोरेज, फूड स्टोरेज, तथा क्लीनिंग की एक व्यापक रेन्ज भी प्रदर्शित की जाएगी।

एचजीएच इंडिया २०१७ भारतीय उपभोक्ताओं की अपने किचेन के प्रति बदलते दृष्टिकोण को सुस्पष्ट रूप से परिलक्षित करेगा, तथा खुदरा विक्रेताओं को भरपूर अवसर प्रदान करेगा कि वे बदलती हुई उपभोक्ता प्रोफाइल के अनुरूप अपने स्टोर मर्चेन्डाइज को पुनर्व्यवस्थित करें। अन्तरराष्ट्रीय तथा भारतीय ब्रान्ड्स एवं निर्माता दोनों ही अपने उत्पादों की सबसे विविध एवं व्यापक रेन्ज प्रदर्शित करेंगे, जिससे भारतीय किचेन को अधिक सुविधाजनक और कुशल बनाया जा सके।

भारत सरकार ने ''वर्ष २०२२ तक सभी लोगों के लिए आवास'' के अन्तर्गत २ करोड़ नए घर बनाने का प्रस्ताव दिया है, और यदि प्रत्येक घर यदि अपने किचेन एप्लायंसेज पर रु ५,०००/– का न्यूनतम औसत व्यय करेगा, तो भी अकेले इसी श्रेणी में रु १०,००० करोड़ की एक अतिरिक्त मांग उत्पन्न होने वाली है।

# स्टोरेज एवं सामान्य हाउसवेयर






तेजी से शहरीकृत होती हुई जीवनशैली, एकल परिवारों, स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, तथा औसत घरों के छोटे आकारों के कारण स्थान पर दबाव पड़ रहा है, तथा वे छोटे होते जा रहे हैं, इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए स्टोरेज एवं सामान्य हाउसवेयर भारतीय बाजार में तेजी से विकसित हो रही श्रेणियां हैं।

बहुत से भारतीय एवं अन्तरराष्ट्रीय ब्रान्ड्स तथा निर्माता इन श्रेणियों में प्लास्टिक, स्टेनलेस स्टील, एल्युमिनियम, लकड़ी तथा सामग्रियों के संयोजन से समाधानों की एक व्यापक श्रृंखला पेश करेंगे। भोजन को विनियमित तापमान पर तथा ताजा, पकाया हुआ या कच्चा रखना एक और भी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है, जो कि नए समाधान की मांग करता है। एचजीएच इंडिया में ऐसे समाधान प्रदान करने वाले बहुत से नए उत्पाद भी खुदरा विक्रेताओं के लिए उपलब्ध होंगे। इस वर्ष जगह की बचत करने वाले सामान्य हाउसहोल्ड स्टोरेज एक अन्य अत्यधिक मांग वाली प्रमुख श्रेणी होगी।

स्टोरेज एवं हाउसवेयर उत्पाद प्रदान करने वाले अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शकों में कर्वर, डीकेडब्ल्यू, बॉक्स बॉक्स, युक्सैन प्लास्टिक, हॉवर्ड्स, हाई–पास प्लास्टिक, ब्रैबैनिता, ल्यूक्स, एज आयरनिंग बोर्ड्स एवं स्टेप लैडर्स, टिटिज एवं टॉपक्यू प्लास्टिक तथा और भी अन्य ब्रान्ड्स शामिल हैं।

भारत के अग्रणी प्रदर्शकों में वरमोरा, जोयो, ऑल टाइम प्लास्टिक, पारस प्लास्टिक, तथा बहुत से अन्य ब्रान्ड्स होंगे, जो नवप्रवर्तशील श्रृंखला प्रदान करेंगे।

# सफाई एवं स्वच्छता

भारत सरकार द्वारा ''स्वच्छ भारत'' पर बल दिया जा रहा है, तथा शहरी एवं ग्रामीण भारतीय उपभोक्ताओं के सभी वर्गों द्वारा इस सिद्धांत को तेजी से अपनाया जा रहा है, इन बातों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सफाई एक बिलकुल नवचेतना के रूप में सामने आई है। इन वर्गों में २५–३० प्रतिशत प्रति वर्ष से भी अधिक दर से मांग में वृद्धि हो रही है।

एचजीएच इंडिया ने पहली बार सफाई एवं कल्याण श्रेणी को विस्तारित किया है। इस ट्रेड शो में सफाई एवं स्वच्छता उत्पादों की श्रेणी में बहुत से नए उत्पादों को जोड़ा गया है, जैसे कि एयर प्योरीफायर, वॉटर प्योरीफायर, ह्यूमिडिफायर, बूट ड्रायर्स, ओजोन जनरेटर, पीटीसी हीटर, सेंसर ट्रैश कैन्स, कम्प्रेस्ड टॉवेल्स, क्लीनिंग ट्रॉली, झाड़ू, पोछा एवं ब्रश, पोछा बाल्टी, लॉन्ड्री बैग, बेबी डायपर्स, एडल्ट डायपर्स, सैनिटरी नैपकिन्स, वाइप्स आदि।

आगन्तुकगण हॉल ५ में इन श्रेणियों में एक व्यापक श्रृंखला देख सकते हैं, जहां पर ताईवान से क्रानझॉन यूनियन, क्रॉनझौ डॉन्न्जी, फ्यूजियन नाशिदा, फ्यूझौ नाइनस्टार्स, तथा तुर्की से उग्युलर प्लास्टिक, अब्दिक प्लास्टिक, तथा चीन से डॉन्ग्यून एक्सेल, ग्यूएन्गझौ हाइक, झॉन्गशन एइर, ग्यूएन्गझौ रॉसन जैसे प्रदर्शक होंगे।

# टेबलवेयर, एक तेजी से वृद्धि करती हुई श्रेणी

टेबलवेयर एवं डिनरवेयर अनुभाग हॉल ५ एवं ५ ए में स्थित हैं, तथा वे एचजीएच इंडिया में लगातार चौथे वर्ष विस्तार करना जारी रखे हैं, जो कि स्पष्ट रूप से भारत में क्रॉकरी, डिनरवेयर, ड्रिन्कवेयर, कटलरी, पेपर मिल्स, बार एक्सेसरीज़ तथा क्रिस्टल, ग्लास, सेरैमिक, चीनी मिट्टी तथा मेलामाइन में अन्य सदृश उत्पाद के बढ़ते हुए बाजार को दर्शा रहा है।

क्रिस्टल एवं ग्लासवेयर में यूरोप के अग्रणी अन्तरराष्ट्रीय ब्रान्ड्स जैसे कि नाक्मन, बोरमियोली रॉक्को, क्रिस्टलाइट बोहेमिया, ड्यूरोबॉर, क्रिस्टल डैरक्यूज, स्पाइजीलॉ, वाल्दर ग्लासवेयर, बॉरगोनोवो, कुडोज, ल्यूमिनार्क को उनके भारतीय पार्टनर्स के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार दुनिया के अन्य हिस्सों से टेबलवेयर के प्रख्यात अन्तरराष्ट्रीय ब्रान्ड्स जैसे कि नॉरिटेक, डैन्कोटुवा, कॉरेल, ओसियन, लकी ग्लास, सुपरवेयर अपने भारतीय ट्रेड पार्टनर्स के माध्यम से अपनी नवीनतम श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे।



आगन्तुकगण अग्रणी भारतीय ब्रान्डों की एक व्यापक उत्पाद श्रृंखला को खोज सकते हैं, जिनमें से कई तो अपनी श्रेणी के बाजार नेतृत्वकर्ता हैं। वे एचजीएच इंडिया २०१७ के माध्यम से अपने नए कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे। इसमें बाजार नेतृत्वकर्ता जैसे कि बोरोसिल, भारत पॉटरीज, क्ले क्राफ्ट, लारा, ला–ओपला, बीपी भारत, ग्रे रोज, सोनाकी, सर्ववेल, डाइनवेल, रॉक्स, लाइरा ग्लासवेयर, हैन्सा जैसे ब्रान्ड्स शामिल हैं। एफएनएस, संजीव कपूर, एडब्ल्यूके भी स्टेनलेस स्टील एवं लाइफस्टील कटलरी की अपनी नई रेन्ज प्रस्तुत करेंगे।

# नवप्रवर्तनशील वॉलपेपर्स



वॉलपेपर्स भारत में होम डेकॉर बाजार की वृद्धि का लगातार नेतृत्व कर रहे हैं, तथा इकोनॉमी, प्रीमियम, एवं लक्जरी जैसी सभी श्रेणियों में वार्षिक मांग में ५० प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है। भारतीय उपभोक्ता अब पेन्ट्स एवं फैब्रिक के स्थान पर वॉलपेपर्स, फर्निशिंग फैब्रिक का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे देश भर में होम डेकॉर तथा हार्डवेयर स्टोर अपनी पारम्परिक मर्चेन्डाइज के अतिरिक्त वॉलपेपर्स का स्टॉक बढ़ा रहे हैं।

आगन्तुकगण मार्शल्स, एशियन पेन्ट्स के निलाया, कैसमैन्स, डिजाइनर्स गिल्ड, एफ एंड एफ, डिवाइन, एलजी, वॉल किंग, ग्रीनटीरियर्स, एच एंड एच, एडॉनिस, आर्टे, कोल एंड संस, ऑसबॉर्न एंड लिटिल तथा बहुत से अन्य ब्रान्ड्स के नवीनतम डिजाइन ट्रेन्ड्स भी देख सकेंगे।

भारत में अभी भी किसी वॉलपेपर का उत्पादन नहीं किया जाता है, तथा समस्त मूल्य एवं गुणवत्ता श्रेणियों में समग्र मांग को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है, इसके परिणामस्वरूप यहां पर एक तरफ अन्तरराष्ट्रीय ब्रान्ड्स तथा दूसरी तरफ भारतीय वॉलपेपर आयातकों एवं खुदरा विक्रेताओं के लिए एक विशाल अवसर बना रहेगा। एचजीएच इंडिया ने इस ट्रेन्ड को परिलक्षित करना जारी रखा है।

# फ्रैगरेन्सेज, पॉटपॉरी, कैन्डल्स एवं स्पा

भारत में फ्रैगरेन्स, सुगन्धित तेल, शुष्क फूलों, पॉटपॉरी, सजावटी मोमबत्तियों तथा कल्याण एवं स्पा उत्पादों की मांग में २५ प्रतिशत प्रति वर्ष से अधिक दर से वृद्धि हो रही है। ये अपेक्षाकृत नई उत्पाद श्रृंखलाएं हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और खुदरा विक्रेताओं के बीच में लोकप्रिय हो रही हैं। ये उत्पाद संस्थागत, व्यक्तिगत, एवं कार्पोरेट उपहार वर्गों में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

विशेष तौर पर शहरी भारतीय उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य, कल्याण, तथा सुविधाजनक जीवनशैली के प्रति अधिक सचेत हो रहे हैं, तथा ऐसे समकालिक उत्पादों को अपना रहे हैं। लाइफस्टाइल एवं होम रिटेलर्स अब ऐसे उत्पादों की सहायता से अपने स्टोर में ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

एचजीएच इंडिया में नेचर्स मानिया, न्यासा, रोजमूर, सॉन्ग ऑफ इंडिया, पैन अरोमा अपनी पूरी श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे। इनमें से अधिकांश ब्रान्ड अग्रणी निर्यातक रहे हैं, तथा अब वे अच्छी प्रतिक्रिया के कारण घरेलू भारतीय बाजार की ओर रुख कर रहे हैं।










# उपहार





सांस्कृतिक रूप से भारत में उपहारों पर बहुत अधिक धन व्यय किया जाता रहा है। इसके बावजूद भी हितधारकों के पर्याप्त प्रयासों के अभाव में यह बाजार अत्यधिक अव्यवस्थित एवं अविकसित है, विशेष तौर पर खुदरा बिक्री के मामले में। उपहारों की अच्छी पैकेजिंग, विशेष खुदरा संरचना, उत्पाद विकास एवं मार्केटिंग के क्षेत्र में बहुत कम कार्य किया गया है।

अभी भारतीय व्यक्तिगत एवं कार्पोरेट उपहार बाजार का वर्तमान मूल्य ३० बिलियन डॉलर प्रति वर्ष से अधिक है, और यह दुनिया में सबसे अधिक लाभदायक बाजारों में से एक है। भारत में व्यक्तिगत या ''भावनात्मक उपहार'' तथा कार्पोरेट या ''प्रमोशनल उपहार'' बाजार अभी भी २०-२५ प्रतिशत प्रति वर्ष से अधिक दर से वृद्धि कर रहा है।

कार्पोरेट एवं संस्थागत उपहार खरीदारों के लिए एचजीएच इंडिया में उपहार समाधानों की एक विशाल संख्या उपलब्ध है। उपहार व्यापारी एवं आपूर्तिकर्ता भी बेड लिनेन, तौलिये, सजावटी वस्तुओं, ग्लासवेयर, सेरैमिक्स, प्लास्टिक्स, कुकवेयर, बार एक्सेसरीज़, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, मोमबत्तियों, फ्रैगरेन्स, हस्तशिल्प, पैकेजिंग, कार्पोरेट उपहार वस्तुओं तथा इसी प्रकार की अन्य वस्तुओं जैसी श्रेणियों में निर्माताओं एवं ब्रान्ड्स की व्यापक श्रृंखला के साथ नेटवर्क कर सकते हैं।

भारत में संगठित उपहार बाजार का आरम्भ करने वाली आर्चीज भी एचजीएच इंडिया २०१७ में प्रदर्शनी करेगी, शो में आगंतुकों द्वारा खोजी जाने वाली एक नई पहल के साथ। इस श्रेणी में अद्वितीय उपहार आइडिया प्रदान करने वाले अन्य प्रदर्शकों में मल्हार, एथनिक क्लॉक्स, कॉकलेट, एक दो ढाई, गाबिया, फोर वॉल्स, साक्षी हैंडीक्राफ्ट्स, अपीजय एक्सपोर्ट्स, ताईवान की कम्पनियां शामिल हैं।

# एक TEXZONE आयोजन

एचजीएच इंडिया का आयोजन टेक्सजोन इन्फॉरमेशन सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है। कम्पनी के कार्यालय मुंबई एवं नई दिल्ली में हैं। टेक्सजोन एक अद्वितीय बी२बी समाधान प्रदाता कम्पनी है, जो होम टेक्सटाइल्स, फर्निशिंग्स, होम डेकॉर, हाउस वेयर, उपहार, क्लॉथिंग, फैशन एवं लाइफस्टाइल श्रेणियों के लिए स्पेशलाइज्ड उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करती है।

टेक्सजोन की व्यावसायिक रुचियां प्रकाशन, ट्रेड शो, सम्मेलनों, कम्युनिकेशन एवं व्यावसायिक प्रचार सेवाओं में हैं। इसकी गतिविधियां मार्केटिंग, बाजार विकास, शोध, व्यापारिक सरलीकरण, फैशन एवं ट्रेन्ड फोरकास्टिंग, डिजाइन एवं उत्पाद नवप्रवर्तन, तथा भारतीय एवं अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात, आयात, वितरण एवं खुदरा विक्रय से जुड़ी हैं।

टेक्सजोन प्रकाशनों एवं सेवाओं की एक वैश्विक पहुंच है। कम्पनी के ग्राहकों में अग्रणी भारतीय एवं अन्तरराष्ट्रीय निर्माता, निर्यातक, आयातक, ब्रान्ड्स, सरकारें, संस्थाएं, निर्यात प्रचार परिषद तथा व्यापार संघ हैं।

एचजीएच इंडिया के पास एक्सपो+कन्सल्टिंग एसोसिएट्स, जर्मनी का समर्थन है, जो एक विशेषज्ञ कम्पनी है, तथा फैशन प्रेरित उपभोक्ता वस्तु उद्योगों को उनके बिजनेस टू बिजनेस एवं संस्थागत बाजारों के लिए ट्रेड शो एवं बाजार विकास सेवाएं प्रदान करती है।

## एचजीएच इंडिया २०१७ में आगन्तुकों एवं प्रदर्शकों के लिए सेवाएं

- वीआईपी लॉन्ज
- फ्रूट लॉन्ज
- पॉपकॉर्न लॉन्ज
- आईसक्रीम लॉन्ज
- फूड कोर्ट
- हॉट लॉन्ज
- किड्स केयर एरिया
- बिजनेस सेन्टर
- कार हायर
- कुरियर सेवाएं
- होटल निवास
- छूटा हुआ लगेज
- चिकित्सीय सेवाएं
- पार्किंग (आगन्तुकगण)
- प्रार्थना कक्ष
- रेस्टोरेन्ट / कैफेटेरिया
- टैक्सी
- यात्रा सेवाएं
- अम्ब्रेला सेवा
- नि:शुल्क शटल बस सेवा